# ''अंगदान'' को बढ़ावा देने के लिए आंदोलन/गतिविधियों का हिस्सा बनें।

1. नोटो के लिए प्रतीक चिन्ह/लोगो (LOGO) की रचना/सृजन करें।
2. अंगदाता शपथ कार्ड की पृष्ठभूमि डिजाइन करें।
3. अंगदान के विषय में नारा लिखें।

भारत सरकार ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के माध्यम से अपने स्वास्थ्य पहल कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में अंगदान को बढ़ावा देने के लिए, राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (नोटो) को स्थापित किया है।

हमारे देश में अन्तिम चरण अंग विफलता से पीड़ित लाखों व्यक्तियों को विभिन्न अंगों (किडनी, लिवर, दिल, गुर्दे फेफड़े एवं अग्न्याशय आदि) की अति आवश्यकता है। अंग के साथ–साथ ऊतक (टिशू) जैसे कि त्वचा, हड्डियां, कोर्निया/नेत्र एवं हृदय वाल्व आदि की भी आवश्यकता उन व्यक्तियों के लिए होती है जोकि व्यापक जलने, गंभीर रूप से हड्डी टूटने, अंधपन व हृदय वाल्वलर रोग से ग्रसित हुए हैं।

युवा मन की रचनात्मकता को ध्यान में रखते हुए नोटो तीन श्रेणियों में विभिन्न गतिविधियों में प्रतियोगिता की घोषणा करता है।

1. **नोटो के लिए प्रतीक चिन्ह/लोगो (LOGO) का रचना/सृजन करें:–** नोटो के लिए एक ऐसा प्रतीक चिन्ह सृजित करें, जो जीवंत व आकर्षक हो तथा अंग एवं ऊतक दान की भवना का प्रतिबिंब हो। प्रतीक चिन्ह का प्रस्तुतिकरण 200 पिक्सल के साथ 4 x 4 से.मी. के आकार में होना चाहिए।

2. ***अंगदाता शपथ कार्ड की पृष्ठभूमि डिजाइन करें:– दाता शपथ कार्ड प्रतीक है कि एक व्यक्ति ने अपने जीवनकाल में वचन दिया है, कि वह अपनी मृत्यु के बाद अपने अंग एवं ऊतक दान कर अंग विफलता से पीड़ित व्यक्तियों को जीवन का अनमोल उपहार देगा। दाताओं से हमेशा यह कार्ड साथ में रखने की उम्मीद की जाती है। कार्ड की पृष्ठभूमि पर नीचे दिया गया कार्ड का मैटर/लिखित सामग्री जो मानव अंग प्रतिरोपण अधिनियम के अनुसार है, प्रिण्ट होगी। दाता शपथ कार्ड की पृष्ठभूमि का प्रस्तुतिकरण 8.5 x 5.5 से.मी. (ड्राइविंग लाइसेंस/डेबिट कार्ड/पैनकार्ड की तरह) होना है। दाता शपथ कार्ड की प्रति इस प्रकार है–***

<table>
<tr><td>'' डिजाइन करना है।''</td><td>NOTTO<br>National Organ & Tissue Transplant Organisation<br>Directorate General of Health Services<br>Ministry of Health & Family Welfare<br>Government Of India<br><br>Date: ---------  Registration No. ----------------------<br>I ........................................... S/o,D/o,W/o ..........................................,<br>Age....... (years),hereby pledge to donate the following Organ(s) and/or Tissue(s) from my body for therapeutic purpose after my death(Brain Stem/Cardiac ).<br>Organ(s): Liver, Kidney, Heart, Lungs, Intestine, Pancreas/ All<br>Tissue(s): Cornea, Heart Valves, Bone Marrow, Skin/ All<br>Blood Group:  Pan Card:<br>Age/DOB:  Emergency No:</td></tr>
<tr><td>दाता शपथ कार्ड की पृष्ठभूमि</td><td>मैटर, जो दाता शपथ कार्ड पर मुद्रित होगा</td></tr>
</table>

3. ***अंगदान के विषय में नारा लिखें:– नोटो विशेष रूप से मृत्यु उपरांत अंगदान से संबंधित विषय पर रचनात्मक नारा/ स्लोगन लेखन आमंत्रित करता है। स्लोगन हिन्दी व अंग्रेजी भाषा में प्रस्तुत किए जा सकते है।***

***नियम व शर्तें:–***

- *प्रस्तुतिकरण ऊपर वर्णित आकार में होना चाहिए।*
- *प्रस्तुतियों में नवीनीकरण और आकर्षण होना चाहिए।*
- *कृपया ध्यान रखें कि भारत के नागरिकों द्वारा हर जगह समझी जाने वाली आसान भाषा का प्रयोग करें।*
- *प्रस्तुतिकरण हिंदी या अंग्रेजी भाषा में हो सकता है।*
- *कृपया अपना लोगो डिजाइन इम्प्रिण्ट या वाटरमार्क ना करें।*
- *कृपया ध्यान रखें कि प्रस्तुतिकरण मूल प्रति में होना चाहिए और इससे भारतीय कॉपीराइट अधिनियम, 1957 का उल्लंघन नहीं होना चाहिए।*
- *प्रविष्ठियां* MyGov.nic.in *के क्रिएटिव कार्नर सेक्सन में भेजी जानी चाहिए।*
- *कृपया सुनिश्चित करें कि* MyGov *प्रोफाइल सही और अद्यतन हो, क्योंकि हम प्रोफाइल की सूचना को आगे संप्रेषण हेतु प्रयोग में लेगें। इसमें आपका नाम, फोटो और फोन संख्या शामिल होगी। अधूरी प्रोफाइल के साथ भेजी गई प्रविष्ठियां निरस्त कर दी जाएगी।*
- *प्रविष्ठियां प्रस्तुतिकरण की अंतिम तिथि* ***25 अक्टूबर 2015,*** *मध्यरात्रि तक रहेगी।*

***मूल्यांकन के मानदण्ड:–***

- ✓ *यह प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के भारतीय नागरिको के लिए खुली है, सिवाय नोटो में कार्यरत कर्मचारियों के।*
- ✓ *चयन समिति द्वारा मूल्यांकन लोकप्रियता व नीचे पैरा 3 में दिए तथ्यों के आधार पर किया जाएगा। एक बार* MyGov *में प्रविष्ठि भेज देने के बाद, अन्य* MyGov *यूज़र उसे* 'like' *कर सकते है। एक बार प्रविष्ठि जमा हो जाने के बाद, वह व्यक्ति जिसने प्रविष्ठि भेजी है, किसी विशेष प्रविष्ठि को लाइक करते हुए, ऑटोजनरेटेड ट्वीट/पोस्ट शेयर कर सकते है।*
- ✓ *प्रविष्ठियों का निर्णय सृजनात्मकता, मौलिकता, संयोजन, तकनीकी श्रेष्ठता, सरलता, कलात्मकत गुणवत्ता, दृश्य प्रभाव एवं यह भारत के नागरिको को अंगदान के विषय पर प्रभावशाली संदेश के आधार पर होगा।*
- ✓ *अन्तिम चयन के लिए विभाग द्वारा प्राप्त की गई सभी प्रविष्ठियां चयन समिति के समक्ष रखी जाएंगी।*
- ✓ *चयन समिति का निर्णय अन्तिम व सभी सहभागियों पर बाध्यकारी होगा। किसी भी निर्णय के बारे में किसी भी सहभागी को कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया जाएगा।*
- ✓ *चयनित प्रविष्ठियां नोटो की सम्पत्ति होगीं, जिन्हें आई.ई.सी. सामग्री हेतु प्रयोग में लाया जाएगा।*
- ✓ *प्रत्येक सहभागी की केवल एक ही प्रविष्ठि पद विचार किया जाएगा।*

**पुरस्कार:–** *प्रत्येक श्रेणी में शीर्ष चयनित प्रविष्ठि को 25,000 रु के पुरस्कार से सम्ममानित किया जाएगा। प्रत्येक श्रेणी में अगली पांच चयनित प्रविष्ठियों को 5,000 रु के पुरस्कार से सम्ममानित किया जाएगा।*

**अस्वीकरण:–** *यद्यपि चयन समिति द्वारा सभी प्रविष्ठियों की मौलिकता की जांच की जाएगी, तथापि* MyGov *और* NOTTO, *प्रति के रूप में पहचानें गए प्रस्तुतिकरण के लिए जवाबदेह नहीं होगें।*

***प्रतियोगिता/इसकी प्रविष्ठियां/विजेताओं के कारण, उपजे किसी भी विवाद के लिए कानूनी कार्यवाही दिल्ली राज्य के स्थानीय क्षेत्राधिकार के अधीन होंगी।***

# BE A PART OF THE MOVEMENT TO PROMOTE "ORGAN DONATION".

1. **Creation of LOGO for NOTTO**
2. **Design Background of Donor Pledge Card**
3. **Slogan writing on Organ Donation**

Government of India as a part of its health initiative through the Ministry of Health & Family Welfare has created the National Organ & Tissue Transplant Organisation (NOTTO) to promote Organ Donation and transplantation. There is growing need of organs for transplantation in lakhs of patients suffering from end stage organ failure (kidneys, liver, heart, lung, pancreas, etc.) and also the need of tissues such as skin, bone, cornea and heart valve in patients with tissue loss (extensive burns, comminuted fractures, corneal opacity with blindness and severe valvular heart disease).

To tap the creativity of young minds, NOTTO announces an open competition in three categories for the following activities:

1. **CREATION OF LOGO-** A Logo for NOTTO is to be created which should be dynamic, vibrant and reflect the spirit of Organ and Tissue Donation. Submission of LOGO should be in the size of 4x4cm with minimum 200 pixel.

2. **DESIGING BACKGROUND OF DONOR PLEDGE CARD-** A "Donor card" is a symbol that a person has 'Pledged his Organs and Tissues' to be used at the time of his/her death to give life to many sick patients. The Donors is expected to always carry this card with them. In addition to design of Background of card, there are contents on card shown below, which are also to be printed as per the THOA. Submission of design of face of Donor card would be in the Landscape layout with the size of 8.5x5.5cm (same as Driving License /Debit card/Pan cards). Copy of the Donor Pledge Card is as follows:

| | |
|---|---|
| "Need to be Designed" | **NOTTO** National Organ & Tissue Transplant Organisation — Directorate General of Health Services, Ministry of Health & Family Welfare, Government Of India<br>Date: --------- Registration No. ----------------------<br>I ............................................. S/o,D/o,W/o .............................................,<br>Age....... (years),hereby pledge to donate the following Organ(s) and/or Tissue(s) from my body for therapeutic purpose after my death(Brain Stem/Cardiac ).<br>Organ(s): Liver, Kidney, Heart, Lungs, Intestine, Pancreas/ All<br>Tissue(s): Cornea, Heart Valves, Bone Marrow, Skin/ All<br>Blood Group: Pan Card:<br>Age/DOB: Emergency No: |
| Background of Donor Pledge Card | Content of Donor Pledge Card |

3. **SLOGAN WRITING-** NOTTO also seeks the creative input on the issues related to Organ Donation in the form of slogan etc, especially Deceased Donor Organ Donation. Slogan can be both in Hindi and English.

**TERMS & CONDITIONS:-**

- Submissions should be only in the size described above.
- The inputs should be innovative and catchy.
- Please keep in mind to use simple language universally understood by citizens of India.
- Submissions could be either in Hindi or English language.
- Please do not imprint or watermark your logo design.
- Please note that the inputs must be original and should not violate any provision of the Indian Copyright Act, 1957.
- Entry must be submitted to the Creative Corner Section of MyGov.nic.in
- Make sure your MyGov profile is accurate and updated as we will use the information on the profile for further communication. This includes your name, photo and phone number. Entries by those with incomplete profiles would be rejected.
- The last date for submission is midnight of **25th October 2015.**

## Evaluation Criteria:-

- ✓ The Competition is open to all Indian Citizens for all age group, accept staff working in NOTTO.
- ✓ Evaluation would be done on the basis of popularity and factors outlined in para 3 below by a selection committee. Once the entry is submitted on MyGov, other MyGov users can 'like' the entries. Once an entry is submitted, the person who submitted the entry can share an auto generated Tweet/Post stating that he or she has shared an entry on MyGov. Similarly, those who 'like' every entry can share an auto-generated Tweet/Post stating they have liked a particular entry.
- ✓ Entries will be judged on creativity, originality, composition, technical excellence, simplicity, artistic merit and visual impact and how well they communicate the massage for Organ Donation Program to all citizens of India.
- ✓ All the entries received by the Department will be placed in front of a Selection Committee for final selection.
- ✓ The decision of the Selection Committee will be final and binding on all the contestants. No clarifications would be issued to any participant for any of the decisions.
- ✓ The selected entries will be the property of NOTTO, which can be used for IEC Material.
- ✓ Multiple entries by the same participant will not be considered.

**Award:** In each category Top selected entry will be awarded with a prize of **Rs. 25,000/-** (By ECS/ Cheque).
In each category Next five selected entries will be awarded with a prize of **Rs. 5,000/-**. (By ECS/Cheque)

**Disclaimer:** All efforts will be made by the screening committee to check for originality of the submissions, however MyGov.in and NOTTO will not be held accountable for any submission identified as a copy.

**Any legal proceedings arising out of the competition/ its entries/ winners shall be subject to local jurisdiction of Delhi State.**